मूँगफली में सफेद लट का समन्वित प्रबंधन

सफेद लट (होलोट्राइकिया कोन्सेनगुईनिया) एक गंभीर कीट है जो बलुई-दोमट एवं हलकी-लाल मृदाओ में सामान्यतः ज्यादा होता है। सफेद लट मूँगफली की जड़ों को खाती है जिससे पौधे पंक्ति में सूखने लगते हैं और मर जाते हैं। मूँगफली में इसकी अधिकतम क्षति अगस्त और सितंबर महीनों के दौरान होती है। इस कीट की दोनों अवस्थाएँ (भृंग एवं लट) नुकसान पहुंचाती हैं इसलिए कीट की दोनों अवस्थाओं को नियंत्रण करना अति आवश्यक है।

1. पहली वर्षा के तुरंत बाद पोषी वृक्षों (खेजड़ी, बेर, नीम) पर इमिडाक्लोप्रिड 17.8SL की 1.5 मिली. प्रति लीटर पानी अथवा कार्बेरिल 50 WP की 4 ग्राम प्रति लीटर पानी अथवा क्यूनालफास 25EC की 2 मिली. प्रति लीटर पानी में मिलाकर कीटनाशी रसायन का छिड़काव भृंगों को नियंत्रण करने के लिए करना चाहिए।

2. कीटनाशी रसायन छिड़काव की सुविधा नहीं होने पर रात को पोषी वृक्षों को डंडे से हिलाकर निचे गिरी हुई भृंगों को एकत्रित करके मिट्टी के तैल मिले पानी में डालकर नष्ट कर दे।

3. भृंगों को आकर्षित करने के लिए वर्षा के तुरंत बाद से लगभग एक सप्ताह तक शाम को पोषी वृक्षों के ऊपर 4-5 फेरोमोन मिथोक्सी बैनजीन (एनीसोल) स्पंज लगाना चाहिए।

4. सफेद लट से बचने के लिए बीज उपचार सबसे ज्यादा आवश्यक है। इसके लिए क्लोथियानिडीन (डेन्टोटसू) 50W.D.G की 2 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम बीज अथवा इमिडाक्लोप्रिड 17.8 SL की 3 मिली. प्रति किलोग्राम बीज अथवा इमिडाक्लोप्रिड 600 F.S. की 6.5 मिली. प्रति किलोग्राम बीज कि मात्रा से उपचारित करना चाहिए एवं उपचारित बीजों को छाया में सुखने के बाद 2-3 घंटे में ही बुवाई करे अन्यथा बीज अंकुरण प्रभावित होगा।

5. सफेद लट का नियंत्रण केवल इसके जीवन चक्र की प्रथम अवस्था में ही संभव है जोकि करीब अंडे देने के दो सप्ताह अथवा भृंग निकलने के लगभग 20 दिन तक रहती है इसलिए खड़ी फसल को सफ़ेद लट से बचाने के लिए सिंचाई के साथ इमिडाक्लोप्रिड 17.8 SL की 300 मिली. अथवा क्यूनालफास 25EC की 4 लीटर दवा प्रति हेक्टेयर कि दर से देना चाहिए।

6. गर्मी के दिनों में भूमि की गहरी जुताई करनी चाहिए जिससे मिट्टी में छिपे हुए भृंग अवस्थाये नष्ट हो जाए।

संकलन: नरेन्द्र कुमार एवं हरीश जी

भाकृअनुप-मूँगफली अनुसन्धान निदेशालय
ईवनगर मार्ग, पोस्ट बॉक्स न.5, जूनागढ़- 362 001,
गुजरात, भारत

भाकृअनुप ICAR
डीजीआर DGR

दूरभाष : (+91) 0285-2673382
फैक्स : (+91) 0285 2672550
ईमेल : director@dgr.org.in,
director.dgr@icar.gov.in
वैबसाइट : http://www.dgr.org.in